तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 2 नवंबर 2025

14 जैसाकर्रा में पीएम आवास के 6801 हितग्राहियों...

14 दुर्गूकोंदल बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता...







## खबर संक्षेप

### पर्यटक गाइड प्रशिक्षण के लिए आठ सदस्य ग्वालियर रवाना



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा आयोजित पर्यटक गाईड प्रशिक्षण कार्यक्रम में कांकेर जिले के 08 प्रतिभागियों को शामिल किया गया है। उक्त प्रशिक्षण मध्यप्रदेश के आईआईटीटीएम ग्वालियर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भाग लेने के लिए 08 सदस्यीय युवाओं के दल को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन हरेश मंडावी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त टीम में दिव्या ठाकुर, आशीष कश्यप, कपिल, राकेश कुमार शोरी, सुप्रिया राठौर, रमेश कुमार, लक्ष्मीकांत साहू, सलीम कुमार शामिल हैं।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान, विवेचना जारी

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत 18 वर्षीय दीपिका ध्रुव ने 30 अक्टूबर को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बर्रेबेड़ा निवासी ईश्वर ध्रुव ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

**घपला : करोड़ों की सड़क में हर कदम पर गड्ढे ही गड्ढे, भ्रष्टाचार या लापरवाही**

# जामगांव-नरहरपुर सड़क निर्माण में करोड़ों की लीपापोती, कागज में मजबूत व जमीन पर जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जामगांव से नरहरपुर ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व कांग्रेस के

- ग्रामीणों ने कार्रवाई की माँग करते हुए आंदोलन करने की कही बात

कार्यकाल में करोड़ों रुपए की लागत से बनाया गया था, परंतु यह सड़क डेढ़ साल में ही जर्जर हो गई है। विकास की गूंज के बीच एक बार फिर सड़कों की असलियत ने सरकारी दावों की पोल खोल दिया है। कांग्रेस के कार्यकाल में सड़क की ऐसी बनी हालत के चलते लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर उंगली उठने लगी है।

विकासखंड नरहरपुर क्षेत्र में जामगांव से नरहरपुर ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग न केवल आवागमन का प्रमुख साधन है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी माना जाता है। किसानों के लिए उपज की ढुलाई हो, छात्रों के लिए शिक्षा संस्थानों तक पहुंच का सवाल हो या रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की बात, यह सड़क वर्षों से ग्रामीणों की जीवनरेखा रही है। इसी कारण जब लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व करोड़ों रुपए की लागत से इस सड़क का निर्माण शुरू हुआ, तो ग्रामीणों में उम्मीदें जाग उठीं थी कि अब उन्हें बेहतर और सुरक्षित यात्रा का लाभ मिलेगा, लेकिन इन उम्मीदों पर पानी तब फिर गया जब सड़क बने सिर्फ डेढ़ साल भी पूरा नहीं हुआ था और यह मार्ग जगह-जगह से जर्जर, उखड़ा हुआ और खतरनाक हो चुका था। गड्ढो से भरी सड़क न केवल दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रही है, बल्कि भारी वाहनों के फंसने से आवागमन भी प्रभावित होने लगा है। ग्रामवासियों का कहना है कि यह सड़क अब चलने लायक भी नहीं रही। सड़क में जगह-जगह बने गहरे गड्ढे, टूट्टी हुई सतह और कीचड़ से भरे हिस्से न केवल परेशानी खड़ी कर रहे हैं. बल्कि जीवन को जोखिम में डाल रहे हैं। ऐसी सड़क में बीमारों को अस्पताल ले जाना मुश्किल हो गया है और किसान अपनी उपज को बाजार तक नहीं पहुंचा पा रहे। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों के लिए यह रास्ता जिंदगी और मौत के बीच का सफर बन गया है।



### ग्रामीणों ने लगाया आरोप

जामागांव के ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के कई हिस्से पहले वर्ष के मानसून के दौरान ही उखड़ने लगे थे, जहां सड़क को मजबूत बनाने के लिए दो लेयर बिटुमिनस लेयर और आवश्यक बेस तैयार किया जाना चाहिए था, वों नही हुआ। सड़क की मोटाई घटाकर निर्माण किया गया, कई स्थानों पर सब-बेस ठीक से नहीं डाला गया और रेत-गिट्टी की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं थी। इसके अलावा निर्माण के दौरान विभाग के जिम्मेदार सब इंजीनियर की निगरानी लापरवाही से की गई।



### सड़क की आज की स्थिति

जामगांव से नरहरपुर तक की सड़क की स्थिति बहुत दयनीय हो गई है, हर कदम पर बड़े बड़े गड्ढे बन गए है, कई जगह ऊपरी परत उखड़ चुकी है। पानी जमा होने से सड़क की नींव और खोखली हो रही है। किनारों की ढाल सही तरीके से नहीं बनाई गई है, जिससे बारिश का पानी सीधे सड़क पर बहा और सड़क उखड़ गई। सड़क पर चलने वाले छोटे वाहनों के लिए यह मार्ग अत्यंत जोखिमपूर्ण हो गया है वहीं ट्रैक्टर और छोटे वाहन कई बार गड्ढो में फंस जाते है।

### जन आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग को स्पष्ट रूप से चेताय है कि लोक निर्माण विभाग ने समाचार प्रकाशन के बाद संज्ञान में नहीं लिया , तो ग्रामीण सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों की माँग है कि इस सड़क की जाँच किया जाएं और इसमें लापरवाह अधिकारी पर भी कार्यवाही किया जाएं और ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड किया जाए।

### 4 लीटर शराब व 12 पौवा जब्त कोचिया गिरफ्तार



**कांकेर।** कांकेर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त दो शराब कोचिए को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। ग्राम मनकेशरी निवासी निर्मला कुजूर के कब्जे से 31 अक्टूबर को पुलिस ने 4 लीटर देशी महुआ शराब को जप्त कर धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। दूसरी कार्यवाही में कांकेर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी कोमलपुर निवासी घनश्याम धनकर को अवैध रूप से शराब बेचते हुए पकड़ा। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि आरोपी अपने पास अवैध रूप से शराब रखा हुआ है और शराब को बेचने के लिए ग्राहक की तालाश में है। मिली जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 31 अक्टूबर को छापा मारा। कार्यवाही के दौरान आरोपी के कब्जे से 12 पौवा देशी प्लेन शराब कीमति 1 हजार 80 रूपएं व नगद 200 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## दुधावा में तुलसी विवाह के भव्य आयोजन में श्रद्धा एवं उत्साह से उमड़ा पूरा ग्राम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुधावा





देवउठनी एकादशी के पावन पर्व पर नरहरपुर क्षेत्र के दुधावा गाँव में आस्था और पारंपरिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। गाँव के ग्रामीणों ने मिलकर पूरे रीति-रिवाजों के साथ तुलसी माता और भगवान शालिग्राम का विवाह धूमधाम से संपन्न कराया, जिससे पूरे गाँव में वास्तविक शादी जैसा माहौल बन गया। पारंपरिक आयोजन और निमंत्रण कार्ड, ग्रामीणों ने इस धार्मिक आयोजन को पूरी तरह से पारंपरिक विवाह का स्वरूप दिया। विकासखंड नरहरपुर के ग्राम दुधावा में देव उठनी एकादशी के पावन अवसर पर इस वर्ष भी परंपरागत उल्लास और श्रद्धा के साथ तुलसी विवाह का भव्य आयोजन किया गया। ग्राम में वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा का ग्रामीण बड़ी प्रतीक्षा के साथ इंतजार करते हैं। जैसे

- तुलसी माता और भगवान शालिग्राम का विवाह विधि-विधान से संपन्न कराया

ही देव उठनी एकादशी का शुभ दिन आया, ग्राम का वातावरण सुबह से ही भक्ति रस से भर गया था। गाँव के मंदिर तथा आंगनों में विशेष सजावट की गई थी और पूरे ग्राम में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दे रहा था। ग्राम के परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार भगवान शालिग्राम की बारात दोपहर बाद बड़े धूमधाम से निकाली गई। बारात निकलते ही ढोल-नगाड़ों की ताल, शंखनाद, जयघोष और मंगल गीतों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बारात में ▸▸| शेष पेज 12 पर

### ऐसा रहा निमंत्रण कार्ड

आयोजन समिति ने इस वर्ष विवाह के लिए विशेष निमंत्रण पत्र तैयार करवाए थे, जिन्हें ग्राम के प्रत्येक घर तक पहुँचाया गया। वर पक्ष (चि. शालिग्राम): पिता दिनेश मरकाम और माता मायावती मरकाम। कन्या पक्ष (सौ.क. तुलसी): पिता सहदेव नेताम और माता संगीता नेताम। इससे आयोजन में अभूतपूर्व भीड़ देखने को मिली और ग्रामीणों की सहभागिता और भी बढ़ गई।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर सांसद व विधायक ने एसपी कार्यालय परिसर में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर




राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शुक्रवार 31 अक्टूबर को सांसद भोजराज नाग एवं विधायक आशाराम नेताम, नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में पहुंचकर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, विभागीय अधिकारी एवं पुलिस जवान भी उपस्थित रहे। गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं पुलिस मुख्यालय रायपुर से प्राप्त निर्देशों के तहत 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एका मरम (एकता वृक्षारोपण) कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर परिसर में किया गया। अतिथियों ने परिसर में बरगद, आम, नीम, कदंब सहित कई प्रजाति के पौधे लगाए। सांसद ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि देश की अखंडता, भाईचारे और समरसता का प्रतीक है। पौधारोपण के माध्यम से हम आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देने का संकल्प लेते हैं। विधायक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। पौधारोपण जैसे छोटे प्रयास देश की एकता और विकास को मजबूत करते हैं। एएसपी दिनेश सिन्हा ने कहा कि एका मरम कार्यक्रम के तहत एकता वृक्ष रोपण करके राष्ट्रीय एकता, अखंडता तथा सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ ली तथा देश की एकता और अखंडता को अक्षुण बनाए ▸▸| शेष पेज 12 पर

## नरहरदेव राज्योत्सव की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा, तीन दिनों तक होंगे उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

रजत जयंती के अवसर पर राज्य स्थापना दिवस को यादगार बनाने के

- प्रशासन ने सभी विभागों को समयसीमा में काम पूरा करने दिए निर्देश

लिए जिले में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है। कांकेर के ऐतिहासिक नरहरदेव मैदान में इस वर्ष होने वाला राज्योत्सव भव्यता और विविधता दोनों का प्रतीक बनने जा रहा है। आयोजन की गंभीरता और व्यवस्थाओं की सुचारु प्रगति सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने शनिवार 1 नवंबर को नरहरदेव मैदान पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया, जहां उन्होंने मंच निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था, सांस्कृतिक गतिविधियों की तैयारियों, पार्किंग, पेयजल, रोशनी और स्टॉलों की व्यवस्था सहित सभी प्रमुख बिंदुओं की बारीकी से समीक्षा किया। कलेक्टर ▸▸| शेष पेज 12 पर



### स्टॉल, हाट-बाजार और प्रदर्शनी की तैयारी

नरहरदेव मैदान में इस बार विशेष प्रकार के प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जा रहे हैं। प्रशासन कृषि, वन, ग्रामीण उद्योग, महिला स्व-सहायता समूहों और हस्तशिल्प से जुड़ी सामग्रियों को प्रमुखता दे रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्टॉलों की पंक्ति, स्थान, प्रवेश-निकास और भीड़ नियंत्रण आदि पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्टॉल इस तरह लगाए जाएँ कि खरीदारों और दर्शकों को घूमने में सुविधा रहे और किसी प्रकार की भीड़ न लगे। महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को विशेष स्थान दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता से जोड़ने की पहल और सशक्त हो सके।

### तीन दिन यह होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

जिला मुख्यालय में होने वाले राज्योत्सव के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 02 नवंबर को हिरेश सिन्हा एवं ग्रुप चारामा आदिवासी आन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। 03 नवंबर को कवि सम्मेलन मीर अली मीर राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त तथा 04 नवंबर को गरिमा दिवाकर-स्वर्णा दिवाकर अंजोर लोक कला मंच की प्रस्तुति दी जाएगी। इनके अतिरिक्त स्थानीय लोक कलाकारों को भी मंचीय कार्यक्रम में प्रदर्शन करने का अवसर दिया जाएगा।

**खबर प्रकाशित होते ही प्रशासन की बड़ी पहल, पहुँचाई श्रवण मशीन**

# हरिभूमि की पहल से नक्सली कमांडर के पिता को मिला श्रवण यंत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

**मानवता की मिसाल, कमांडर के पिता को सुनाई देने लगा**



नक्सली संगठन कंपनी नम्बर 05 के कमांडर राजू सलाम के परिवार को लेकर हाल ही में हरिभूमि में समाचार प्रकाशित किया गया था, जिसमें उसके पिता की स्थिति, स्वास्थ्य समस्याओं और विशेषकर कान से सुनाई न देने की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया था। इस संवेदनशील मुद्दे पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित हुआ। रिपोर्ट के प्रकाशन के तीन ही दिनों के भीतर हरिभूमि की पहल पर राजू सलाम के पिता को आधुनिक तकनीक वाली डिजिटल कान की मशीन उपलब्ध कराई गई। इससे न केवल उनकी जिंदगी में बदलाव की नई लकीर खिंची है, बल्कि यह कदम इस बात का प्रमाण भी है कि मीडिया की सकारात्मक भूमिका समाज में वास्तविक परिवर्तन ला सकती है। उत्तर बस्तर के जंगलों और पहाड़ियों के बीच बसे गांवों में ऐसे कई परिवार हैं जिनका जीवन नक्सल हिंसा, गरीबी, संसाधनों की कमी और सरकारी सुविधाओं तक सीमित पहुंच के कारण अत्यंत कठिन परिस्थितियों में गुजरता है। नक्सली कमांडर राजू सलाम का परिवार भी उन्हीं में से एक है। जहां एक ओर राजू सलाम ने नक्सली संगठन में शामिल होकर हिंसा का रास्ता अपनाया, वहीं दूसरी ओर उसके पिता एक साधारण ग्रामीण जीवन जीते रहे, जो वर्षों से गंभीर श्रवण समस्या से जूझ रहे थे। हरिभूमि में रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन से कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी का ध्यान इस मुद्दे की ओर गया। जनपद पंचायत सीईओ उदय नाग को भेजकर श्रवण मशीन उपलब्ध करवाया। सामाजिक सरोकारों को लेकर लगातार सक्रिय रहने वाला हरिभूमि एक बार फिर मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल बन गया है। हरिभूमि की रिपोर्ट ने न केवल एक गंभीर समस्या को सामने लाया बल्कि एक परिवार की जमीनी हकीकत को उजागर किया।

### कान की मशीन मिलने के बाद बदलेगा जीवन


जनपद पंचायत की टीम ने जैसे ही मशीन उनके कान में लगाई गई, वह लंबे समय बाद अपने आसपास की आवाजें स्पष्ट सुन पाए। परिवार के सदस्यों ने बताया कि पहले उन्हें जोर से बोलना पड़ता था। कई बार वे बातें समझ नहीं पाते थे, जिससे मनोवैज्ञानिक दूरी भी बढ़ती जा रही थी। लेकिन मशीन लगने के बाद उनके चेहरे पर जो मुस्कान आई, उसने पूरे परिवार को भावुक कर दिया।

### पीएम आवास भी दिया जाएगा

जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के सीईओ उदय नाग से हरिभूमि ने बात किया तो उन्होने बताया कि क्षेत्र की जनपद सदस्य के साथ उदय सलाम के घर पहुँचा था और उनको श्रवण यंत्र दिया गया है। इसके अलावा पक्का मकान बनाने को लेकर चर्चा किया गया और जल्द ही उनको पीएम आवास स्वीकृत किया जाएगा। पीएम आवास के लिए पंचायत के सचिव को दस्तावेज पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## नरहरदेव आत्मानंद स्कूल के चपरासी के घर में घुसकर बाइक तोड़ी, रिपोर्ज दर्ज

**कांकेर।** आत्मानंद स्कूल नरहरदेव कांकेर के चौकिदार को जान से मारने की धमकी देते हुए चौकीदार के वाहन को आरोपी ने क्षति पहुंचाया। स्कूल के दरवाजा को तोड़कर मोटर सायकल जिस कक्ष में रखी थी, उसमें घुसा और तोड़फोड़ किया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे सारंडा निवासी 27 वर्षीय सचिन्द्र कुमार यादव पिता धनेश यादव ने पुलिस को बताया कि मैं आत्मानंद स्कूल नरहरदेव कांकेर में रात्रि कालिन चौकीदार के रूप में काम करता हूं। प्रतिदिन की तरह 31 अक्टूबर की रात 9 बजें अपने डयूटी में था। उसी समय अब्दुल रज्जाक अली उर्फ राजा आया और मुझे गाड़ी मांगा तो मैं उसे गाड़ी नहीं दिया। वह व्यक्ति मुझे देख लेने की बात कहते हुए तेरा गाड़ी को तोड़ फोड़ दूंगा कहकर धमकी देकर चला गया। तब मैं कार्यालय के अंदर में अपना गाड़ी खड़ा किया और मैं स्कूल के तरफ चला गया। रात करीबन 2 बजें के आसपास जोर जोर से आवाज आया तो मैं कार्यालय तरफ जाकर देखा तो अब्दुल रज्जाक अली कार्यालय के पास स्कूल के दरवाजा को तोड़कर मेरे गाड़ी को तोड़ फोड़ कर रहा था, जिसे देखकर मैं उसे मेरे गाड़ी को क्यों तोड़ फोड़ कर रहा है बोला तो वो मुझे ▸▸| शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप



### मरीजों को भोजन करवाकर मनाया गया छग स्थापना दिवस

**फरसगांव।** छग स्थापना के 25 वर्ष पूर्व होने पर 01 नवंबर शनिवार को पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया जा रहा है। वही फरसगांव में राज्य स्थापना दिवस को कुछ अलग ही तरीके से मनाया गया। जहां शनिवार को नगर के नवीन कॉलोनी निवासी शिक्षिका निर्मला पात्र अपने परिजनों और वार्डवासियों के साथ मिलकर फरसगांव अस्पताल में भर्ती मरीजों को एक टाइम का भोजन करवाये साथ ही मरीजों को फल और दूध का वितरण भी किया गया। सभी मरीजों को छग स्थापना दिवस की बधाई देते हुए जल्द स्वास्थ्य ठीक होने की कमाना की गई। इस दौरान उनकी माताजी कचरा बाई, पार्षद रीता गौतम, सुमन जायसवाल, वार्डवासी लक्ष्मी ठाकुर, लक्ष्मी मरकाम, मंजू कावडे तामो, रंजीता, मालती, दसोदा मरकाम, मालती, टीलेश्वरी गोपी रवानी, नंदिनी, तेज, निम्मी साहू, सोमनाथ मरकाम, मनोज बघेल, संतोष तामो, नायरा समर्थ, आयरा, स्नेहा उपस्थित रहे।

### बड़े कनेरा जोन में बस्तर ओलम्पिक का भव्य आयोजन



**कोण्डागांव।** बड़े कनेरा जोन में आयोजित बस्तर ओलम्पिक का आयोजन पूरे उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर 8 पंचायतों बड़े कनेरा, कोकोड़ी, बोलबोला, करंजी, बड़े बंदरी, चिखलपुटी, कमेला और कूकाड गार का पाल के खिलाड़ियों ने सक्रिय भागीदारी की। पारंपरिक खेलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण खेल संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य सविता कोर्राम, फागेश्वरी कश्यप और नोडल अधिकारी खोमेश साहू उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रें की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं और खेल भावना को प्रोत्साहित करने का उत्कृष्ट माध्यम हैं।

### सड़क दुर्घटना में हुई तीन गौवंशों की मौके पर मौत



**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम चोगेल में 1 नवंबर कि सुबह लगभग 3 बजे अज्ञात वाहन ने चार गौवंशों को रौंद दिया। इस हृदयविदारक हादसे में तीन गौवंशों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही चोगेल सरपंच पति संजू नेताम एवं लाइफ सेवियर्स फाउंडेशन भानुप्रतापपुर की टीम मौके पर पहुंची। दोनों ने मिलकर अजय यदु से बात करके जेसीबी की व्यवस्था कर मृत गौवंशों का विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया तथा घायल गाय का इलाज करवाया। इस संवेदनशील कार्य के लिए लाइफ सेवियर्स फाउंडेशन ने ग्रामवासियों से अव्हान किया कि सड़क दुर्घटना या पशु-संबंधी किसी भी आपदा की जानकारी तत्काल स्थानीय प्रशासन एवं समाजसेवी संस्थाओं को दें ताकि समय पर सहायता मिल सके।

# जनप्रतिनिधि, युवा और नागरिकों ने लगाई एकता की दौड़

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज विकास नगर स्टेडियम में 'रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश में राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की भावना को सशक्त बनाना रहा।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारी–कर्मचारियों, व्यायाम शिक्षकों, खेल संघों, सेना भर्ती प्रशिक्षणार्थियों, छात्र–छात्राओं, युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ का शुभारंभ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरपति पटेल, कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ का मार्ग विकासनगर स्टेडियम से प्रारंभ होकर जिला कोर्ट परिसर, नेशनल हाईवे, जय स्तंभ चौक, बाजारपारा होते हुए पुनः स्टेडियम में समाप्त हुआ।

### एकता और अखण्डता के प्रति ली गई शपथ

कार्यक्रम के शुभारंभ में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने सभी उपस्थित लोगों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के अथक प्रयासों से ही भारत आज एक अखण्ड राष्ट्र के रूप में खड़ा है। लौह पुरुष की 150वीं जयंती पर उनके योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि एकता ही देश की सबसे बड़ी शक्ति है।



### अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक रहे उपस्थित

इस अवसर पर तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष दीपेश अरोरा, मनोज जैन, पार्षदगण हर्ष ढिल्लन, सोनमणि, सुमन शुक्ला, लक्ष्मी ध्रुव, कुलवंत चहल, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश दांडे, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, छात्र–छात्राएं, युवा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने फरसगांव में किए बड़े ऐलान

# जिले को मिली विकास की सौगातें, स्वास्थ्य मंत्री ने खोला जनकल्याण का खजाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गुरुवार को कोंडागांव जिले के फरसगांव में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में विकास की कई सौगातें दीं। वे यहां डड़सेना कलार समाज के नए सामाजिक भवन के लोकार्पण और बस्तर संभाग स्तरीय भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य और सामाजिक विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

- उरंदाबेड़ा और ईरागांव को सामाजिक भवनों की सौगात

कार्यक्रम के दौरान मंत्री जायसवाल ने डड़सेना कलार समाज के उत्थान के लिए दो नई सौगातें दीं। उन्होंने उरंदाबेड़ा और ईरागांव में समाज के सामाजिक भवन निर्माण के लिए 20-20 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। इस घोषणा से समाज के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। मंत्री ने कहा कि समाज की एकता और प्रगति के लिए ऐसे स्थायी भवन बहुत जरूरी हैं, जो सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनें।



### संभाग को 7 नए उप स्वास्थ्य केंद्रों की मिली मंजूरी

जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने बस्तर संभाग के कई ग्रामीण इलाकों में 7 नए उप स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना की घोषणा की।इन स्वास्थ्य केंद्रों को निम्नलिखित गांवों में स्वीकृति दी गई है- तोसकापाल, सिंघनपुर, खड़पड़ी, गोलावंड, घोड़ागांव, लिहागांव और पीड़ापाल। प्रत्येक उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए 35-35 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इन नए केंद्रों के बनने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को अब बेहतर और नजदीकी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। पहले जहां लोगों को मामूली इलाज के लिए भी कई किलोमीटर दूर ब्लॉक मुख्यालय या जिला अस्पताल जाना पड़ता था, अब उन्हें यह सुविधा अपने गांव में ही मिलेगी।

फरसगांव ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले बड़ेडोंगर के लिए मंत्री जायसवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण हेतु सवा दो करोड़ रुपए की राशि की भी घोषणा की. यह स्वास्थ्य केंद्र आसपास के ग्रामीण इलाकों के लिए एक बड़ा राहत केंद्र साबित होगा, जहां प्रसव, इमरजेंसी इलाज और सामान्य बीमारियों की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करना है ताकि हर व्यक्ति को समय पर इलाज मिल सके।

### जनहित को प्राथमिकता देने वाली पहल

फरसगांव में हुई घोषणाएं केवल समाज विशेष के लिए नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता के हित में हैं। 7 नए उप स्वास्थ्य केंद्र और 1 सामुदायिक अस्पताल बनने से बस्तर संभाग के ग्रामीण इलाकों में चिकित्सा सेवाओं का विस्तार होगा। इन परियोजनाओं के पूरा होने पर न केवल स्वास्थ्य व्यवस्था सुधरेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार और निर्माण कार्यों में भी अवसर मिलेंगे।

### समाज ने जताया आभार

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री के इस कदम की जमकर सराहना की। डड़सेना कलार समाज ब्लॉक अध्यक्ष शंकर शार्दुल, उमेश पांडे, धरम पांडे, रंजीत पांडे, धनेश पांडे, देवेंद्र सेठिया, परमेश्वर सेठिया, संतोष बैध, विजय जैन ने कहा, मंत्री जायसवाल जी ने जो घोषणाएं की हैं, उससे क्षेत्र की जनता को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा। अब हमारे गांवों में स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत होंगी और समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। स्थानीय लोगों और समाज के सदस्यों ने मंत्री जायसवाल के साथ-साथ क्षेत्रीय विधायक नीलकंठ टेकाम का भी आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि राज्य सरकार की यह पहल ग्रामीण विकास और स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### फरसगांव में विकास की नई दिशा

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल की यह घोषणा न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाएगी, बल्कि फरसगांव क्षेत्र के आसपास के गांवों के लिए विकास की नई दिशा तय करेगी। सरकार की यह पहल ग्रामीण अंचलों को सशक्त बनाने और समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है। फरसगांव में हुई इस बैठक ने यह संदेश दिया कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए गंभीर है और जनता की जरूरतों को प्राथमिकता दे रही है। इन घोषणाओं के बाद पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# दुकान के पास से बाइक की चोरी, चोर की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

नगर मुख्यालय भानुप्रतापपुर के किराना दुकान के पास खड़ी मोटर सायकल को अज्ञात आरोपी ने चोरी कर लिया। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचन में लिया गया। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे आसुलखार निवासी रोहित यादव पिता बरादुराम यादव ने पुलिस को बताया कि फारेस्ट विभाग में डेलीविजेश पर ड्रायवरी का काम करता हूं। मेरे पिता बरादूराम यादव के नाम पर मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएल 1310 पंजीकृत है।



उक्त वाहन को मेरे उपयोग में ही लाया जाता है। मैने उस वाहन को श्रीराम किराना स्टोर्स के सामने 30 अक्टूबर को खड़ी करके कांकेर चला गया था, अक्सर मै उस जगह पर अपनी बाइक को छोड़ता हूं और कार से अपने कार्य से जाता था। रोज की तरह अपने बाइक को किराना स्टोर्स के पास छोड़ा और 30 अक्टूबर को कांकेर से वापिस आने में रात लगभग 11 बज गया। रात को वापिस आने के पश्चात मै फारेस्ट कॉलोनी स्थित मेरे शासकीय निवास में चला गया। अगले दिन 31 अक्टूबर को सुबह 7 बजें जाकर देखा तो मेरी उक्त मोटर सायकल वहां पर नहीं था। तब मैने अपने स्तर पर पतासाजी किया, लेकिन मोटर सायकल के बारे में कहीं पता नहीं चला। मेरे मोटर सायकल की कीमत करीबन 40 हजार रूपएं है, जिसे कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



# क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन में डीके 11 की टीम बनी विजेता

**दुर्गुकोंदल।** डीके 11 के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीम डीके 11 को 50,001 रूपए नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी, रनर-अप कोकड़े टीम को 25,001 रूपए नकद पुरस्कार और सम्मान स्वरूप ट्रॉफी प्रदान की गई। खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर ऐसे खेल आयोजन युवाओं में ऊर्जा, आत्मविश्वास और टीम भावना को बढ़ाते हैं। उन्होंने युवाओं से नशा से दूर रहने, समय का सदुपयोग करने और अपने खेल कौशल को और निखारने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन शालीनता और उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। फाइनल मुकाबला कोकड़े और डीके 11 टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर डीके 11 ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया और कोकड़े टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। कोकड़े टीम ने निर्धारित ओवरों में संघर्षपूर्ण खेल दिखाते हुए 10 विकेट के नुकसान पर 121 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीके 11 ने संयमित और योजनाबद्ध बल्लेबाजी करते हुए 18वें ओवर में 121 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस जीत के साथ ही डीके 11 टीम ने प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल सरपंच शकुंतला नरेटी, सिरो कोमरे, महत्तम दुग्गा, नरेंद्र जैन, कृष्णा दुग्गा, पवन कोमरा, ओमप्रकाश उयके, रामकिशोर सिन्हा, भूपेंद्र सिन्हा, मोहन सिन्हा, संजू मालिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# बेमौसम बारिश से फसलें बर्बाद किसानों ने की मुआवजे की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

बेमौसम हुई अत्यधिक बारिश के कारण किसानों की खड़ी और कटी हुई फसलें भारी रूप से बर्बाद हो गई हैं। किसानों को हुए इस भारी नुकसान पर संज्ञान लेते हुए ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजुर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारियों से तत्काल फसल मुआवजे की मांग की है। संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष रूपा शंकर के नेतृत्व में ज्ञापन जारी कर बताया कि धान, दलहनी एवं अन्य फसलें जो कटाई शुरू होने की अवस्था में थीं। फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। संगठन के अनुसार फसलें बर्बाद होने से किसान परिवारों का जीवनयापन खतरे में पड़ गया है और वे गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। संगठन ने मांग किया है कि प्रशासन तुरंत सभी क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वेक्षण कराए ताकि वास्तविक नुकसान का आकलन हो सके। क्षतिग्रस्त फसलों के लिए पर्याप्त मुआवजा राशि का भुगतान बिना किसी देरी के किसानों को किया जाए। किसानों के कृषि ऋण को तत्काल माफ किया जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बर्बाद हुई फसल की बीमा राशि का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए सभी समस्याओं का समाधान किया जाए। किसानों को आगामी फसल उत्पादन के लिए उचित समय पर खाद, बीज और कीटनाशक उपलब्ध कराए जाएं। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों की मांगों पर तुरंत ध्यान नहीं दिया गया, तो वे अपने हक के लिए आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# बेमौसम बारिश से फसल चौपट किसानों ने मुआवजे की मांग

**दुर्गुकोंदल।** क्षेत्र में लगातार हो रही बेमौसम और अति वर्षा के कारण किसानों की मुख्य फसल धान सहित अन्य फसलों में भारी नुकसान हुआ है। खेतों में पक चुकी और कटाई-पिटाई के लिए तैयार फसलें बारिश से भीगकर सड़ चुकी हैं, जिससे किसानों की वर्षभर की मेहनत पर पानी फिर गया है। इसी गंभीर स्थिति को देखते हुए किसानों ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर मुआवजा, फसल बीमा दावा राशि और केसीसी लोन माफी की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि किसान अपनी फसलों की तैयारी के लिए सहकारी समितियों और बैंकों से ऋण लेकर खेती करते हैं। लेकिन लगातार बारिश और जलभराव के कारण किसान अपनी धान उपज को सुरक्षित नहीं कर पा रहे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति संकटपूर्ण हो गई है। किसानों ने मांग की है कि सरकार तुरंत फसल क्षति का सर्वे कराए और तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करे, जिससे किसान अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें और आने वाले सीजन की तैयारी कर सकें। फसल नुकसान का त्वरित सर्वे एवं उचित मुआवजा राशि प्रदान की जाए। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत दावा राशि को शीघ्र स्वीकृत कराया जाए। किसान क्रेडिट कार्ड ऋण को माफ या स्थगित किया जाए। सोसायटी और बैंक ऋण वसूली पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन सौंपते समय उपस्थित प्रतिनिधियों ने कहा कि किसानों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। यदि समय पर सहायता नहीं मिली तो आने वाले महीनों में किसान गंभीर आर्थिक और सामाजिक संकट का सामना करेंगे।



## पेज 11 के शेष

### दुधावा में तुलसी...

शामिल महिलाएँ मंगल गीत गाते हुए आगे बढ़ रहीं थीं, वहीं पुरुष श्रद्धालु बारात के साथ चलकर उत्सव की शोभा बढ़ा रहे थे। जब यह दिव्य बारात तुलसी माता के दरबार पहुँची, तो वहाँ पहले से मौजूद ग्रामीणों ने आरती उतारकर बारात का स्वागत किया। गांव के कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भी बारात का स्वागत किया और पुष्पवर्षा की।

विवाह स्थल पर वेदाचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण प्रारंभ किया गया और शुभ मुहूर्त में लग्न पूजा सम्पन्न कराई गई। पारंपरिक विधियों के अनुसार भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का विवाह सम्पन्न कराया गया, जिसमें ग्रामीणों की आस्था और भावनाएँ स्पष्ट झलक रही थीं। शाम को इस शुभ अवसर पर आशीर्वाद समारोह और प्रीतिभोज (सामुदायिक भोज) का भी आयोजन किया गया, जिसमें गाँव के सभी लोगों ने एकजुट होकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। देवउठनी एकादशी पर दुधावा गाँव में आयोजित इस विवाह समारोह ने गाँव में श्रद्धा, भक्ति और सामुदायिक सौहार्द का एक सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

### राष्ट्रीय एकता दिवस...

रखने में सरदार वल्लभभाई पटेल के अमूल्य योगदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा डीएसपी में योगेश साहू, गिरिजा शंकर साव, मैखलेन्द्र सिंह, प्रतिभा लहरे, विंकेश्वरी पिंदे, कविता धुर्वे, रक्षित निरिक्षक गोविंद वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नरहरदेव राज्योत्सव की...

के इस निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अमले में विशेष सक्रियता देखी गई। अधिकारी, कर्मचारी एवं आयोजन से जुड़े विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि के अनुसार सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। कलेक्टर ने मैदान में मौजूद इंजीनियरों, अधिकारियों और आयोजन समिति के सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि राज्योत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, लोककला, कृषि समृद्धि और जनभागीदारी का परिचय है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्यक्रम में शामिल होने वाले नागरिकों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। विशेषकर सुरक्षा और साफ-सफाई पर किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। राज्योत्सव में दूर-दूर से आने वाले कलाकारों, प्रतिभागियों और व्यापारियों को भी उचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएँ ताकि वे छत्तीसगढ़ की इस सांस्कृतिक परंपरा को पूरे मनोयोग से प्रस्तुत कर सकें। नरहरदेव मैदान में मंच निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। कलेक्टर ने स्वयं मंच के हर हिस्से की जानकारी ली। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बनाया जा रहा मुख्य मंच इस बार कलाकारों के प्रदर्शन के अनुरूप अधिक विस्तृत और सुदृढ़ रखा गया है।

### नरहरदेव आत्मानंद...

जान से मारने की धमकी देकर देते हुए गाली गालौज किया। आरोपी ने धमकी दिया कि तू मेरा कुछ नहीं कर सकता और वहां से चला गया। पीड़ित ने बताया कि घटना के बारे में स्कूल के प्रींसिपल और अपने पिता धनेश यादव को बताया हूं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अब्दुल रज्जाक अली के खिलाफ धारा 296, 324 (3), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

## बस्तर ओलंपिक के जोन स्तरीय आयोजन में भी हुई शामिल

# कलेक्टर ने आधार अद्यतन शिविरों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

कोण्डागांव जिले की कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने आज शहर के चावरा स्कूल और सेजेस लंजोड़ा में आयोजित आधार अद्यतन शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों के अपार आईडी निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत कर बताया कि आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि या अन्य जानकारी में त्रुटि होने के कारण अपार आईडी निर्माण में कई जगह कठिनाइयां आ रही हैं। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी की आईडी समय पर बने, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत में कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने कहा कि अपार आईडी प्रत्येक विद्यार्थी के शैक्षणिक रिकॉर्ड को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके लिए आधार का अद्यतन होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की कोशिश है कि जिले के सभी विद्यार्थियों की अपार आईडी जल्द तैयार हो जाए, ताकि आगे की शिक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके।

- अपार आईडी निर्माण में तेजी लाने के निर्देश



### विद्यालयों में चल रहे हैं आधार अपडेट शिविर

कलेक्टर पन्ना ने बताया कि जिले के लगभग सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में आधार अद्यतन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि जिन छात्रों के आधार कार्ड में गलतियां हैं, उन्हें तुरंत सुधारा जा सके। उन्होंने कहा कि अपार आईडी शिक्षा विभाग के लिए बेहद जरूरी दस्तावेज है, जो बच्चों की शैक्षणिक जानकारी को एकीकृत करने में मदद करेगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आधार अपडेट प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और छात्रों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट कार्य की स्थिति जानी। उन्होंने एनआईसी टीम और विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए कि किसी भी छात्र का आधार अपडेट लंबित न रहे, सभी रिकॉर्ड जल्द से जल्द ऑनलाइन अपलोड किए जाएं।

### बस्तर ओलंपिक के जोन स्तरीय आयोजन में शामिल हुई कलेक्टर

निरीक्षण के बाद कलेक्टर पन्ना ने लंजोड़ा में आयोजित बस्तर ओलंपिक के जोन स्तरीय प्रतियोगिता का भी अवलोकन किया। यहां उन्होंने खेल मैदान में पहुंचे खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को सामने लाने का बेहतरीन अवसर हैं, जिससे जिले के युवा आगे बढ़कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। कलेक्टर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन और आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं।

**खबर संक्षेप**

### ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण लागू करने की मांग



**घाटलोहंगा।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा 25 सितंबर को जारी कोर्ट मैनेजर भर्ती परीक्षा के विज्ञापन में अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी के लिए आरक्षण का प्रावधान न होने पर ओबीसी महासभा ने विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई के आदेश एवं प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू के निर्देशानुसार बस्तर संभाग अध्यक्ष दिनेश यदु के नेतृत्व में ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय नई दिल्ली, राज्यपाल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, रजिस्ट्रार जनरल, विधि विधाई मंत्री, लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं महाधिवक्ता को संबोधित ज्ञापन बस्तर जिले के संयुक्त कलेक्टर को सौंपा। महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि यह ज्ञापन ओबीसी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सौंपा गया है। संगठन ने सरकार से अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण लागू करने, आयोगीय दर्जा प्रदान करने तथा समाज के हितों से जुड़े मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### सर्व आदिवासी समाज ने जांच टीम गठित कर पहुंची नवोदय



**दंतेवाड़ा।** बीते गुरुवार को जिले के बारसूर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में अध्ययनरत छात्र ने बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल प्रबंधन ने आनन-फानन में छात्र को बारसूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई गीदम की टीम ने जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर पहुंचकर प्राचार्य, शिक्षकों और छात्रों से बातचीत की।
टीम ने हॉस्टल और घटना स्थल का निरीक्षण भी किया। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि जांच निष्पक्ष रूप से होनी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके। सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई गीदम का यह भी कहना है कि मात्र 11 वर्ष का मासूम बच्चा खुद से ऐसा कदम नहीं उठा सकता, जब तक कि उस पर किसी प्रकार का दबाव या प्रताड़ना न हुई हो। समाज ने पुलिस प्रशासन से पारदर्शी जांच की मांग की है।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस प्रशासन ने आयोजित की रन फॉर यूनिटी

# नागरिकों व अधिकारियों ने लगाई एकता दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



कोंटा पुलिस प्रशासन के नेतृत्व में एका मिर्राना के बैरन तले रन फॉर यूनिट दौड़ का आयोजन किया गया। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।

कोंटा एसडीएम सुभाष शुक्ला ने स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रांगण में नगर के गणमान्य नागरिकों अधिकारियों स्कूली बच्चों को एकता अखंडता एवं राष्ट्रीय समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने की शपथ दिलाई। ज्ञात हो कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने प्रशासनिक सेवा आईएएस और आईपीएस जैसे अखिल भारतीय सेवा को स्टील फ्रेम के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसे आज भी भारत की प्रशासनिक रीढ़ माना जाता है। इस खास मौके पर अधिकारियों ने स्थानीय बस स्टैंड चौक से लेकर पड़ोसी राज्य के बॉर्डर तक एकता की दौड़ लगाई।

इस अवसर पर कोंटा एसडीएम सुभाष शुक्ला तहसीलदार गिरीश निंबलकर बीईओ श्रीनिवास राव बीआरसी वीरभद्र राव थाना प्रभारी सलीम काका सब सब इंस्पेक्टर मड़काम मुदराज भाजपा जिला उपाध्यक्ष जी.साई रेड्डी मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष पवन सिद्धू स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य भरत किशोर वर्षा सहित वरिष्ठ शिक्षक टी.श्रीनिवास राव एवमं आत्मानंद के शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र छात्राएं नगर अन्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।

## 231 बटालियन ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



सुनील भवर कमाण्डेंट के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन 231 बटालियन मुख्यालय जावंगा गीदम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं ने 231 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों के साथ राष्ट्रीय एकता दौड़ में भाग लिया। राष्ट्रीय एकता दौड़ की शुरूआत 231 वाहिनी मुख्यालय गीदम से हुई तथा जावंगा गांव, गीदम एजूकेशन सिटी तक पहुंची व वापस 231 वाहिनी मुख्यालय गीदम में समापन हुई। इस अभियान के माध्यम से स्थानीय नागरिकों में देशप्रेम की भावना को और प्रबल बनाना उद्देशित था। इस दौड़ में स्थानीय नागरिकों तथा छात्रों ने भी बढ़-चढ़ कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर सुनील भवर कमाण्डेंट ने एकता दौड़ में शामिल हुए युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय एकता को और अधिक मजबूत करने तथा देश के विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया गया, जिसका उपस्थित स्थानीय युवाओं तथा जवानों के द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया। कमाण्डेंट ने वाहिनी मुख्यालय प्रांगण में जवानों तथा अधिकारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

समारोह में सौरभ राय द्वि. कमा. अधिकारी प्रताप कुमार बेहेरा उप कमा, डॉ. रवि प्रकाश सुनकर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, सुनील कुमार सिंह सहायक कमाण्डेंट, सोलंके विजयकुमार मनोहरराव सहायक कमाण्डेंट एवं बड़ी संख्या में वाहिनी के जवान उपस्थित हुए।

## राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने लगाई दौड़




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाड़ा जिले के गीदम थाना क्षेत्र में एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गीदम थाना प्रभारी विजय पटेल के नेतृत्व में अधिकारी और कर्मचारी, स्कूल के बच्चे और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की एकता और अखंडता को मजबूत करना और लोगों में राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देना था। रन फॉर यूनिटी का आयोजन गीदम के मुख्य मार्ग पर किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर थाना प्रभारी विजय पटेल ने कहा कि एकता और अखंडता ही देश की ताकत है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हमेशा प्रयासरत रहें।

## राष्ट्रीय एकता व अखंडता की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर जिले में एका मिर्राना राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन प्रातः 7 बजे मिनी स्टेडियम बीजापुर से किया गया जो लोहा डोंगरी तक संपन्न हुई। इस अवसर पर पुलिस विभाग, जिला प्रशासन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, शिक्षा विभाग, वन विभाग, बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी, स्काउट-गाइड्स एवं स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में लगभग 650 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिनमें स्कूली बच्चे, अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर लोहा डोंगरी में पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ,वन मण्डलाधिकारी बीजापुर, रंगानाथा रामाकृष्ण वाय, अति पुलिस अधीक्षक ऑप्स रविन्द्र कुमार मीणा, अपर कलेक्टर भूपेंद्र अग्रवाल एवं जिले के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

एका मिर्राना राष्ट्रीय एकता दौड़ का उद्देश्य देश के एकता, अखंडता एवं भाईचारे के भाव को जन-जन तक पहुंचाना तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के योगदान को नमन करना रहा। बीजापुर पुलिस द्वारा जिले के नागरिकों से राष्ट्रीय एकता, सद्भाव एवं विकास की भावना को आगे बढ़ाने की अपील की गई।

## लौह पुरुष के सिद्धांत और विचारों का अनुशरण करना सबका कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

- अधिकारियों एवं स्कूली छात्र, छात्राओं ने कारली तक दौड़ लगाकर दिया एकता का संदेश



भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर एकता दौड़ का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित एका मिर्राना अर्थात एकता की राह पर कदम से कदम मिलाकर थीम पर आयोजित इस दौड़ में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पुलिस बलों तथा स्कूली छात्र-छात्राओं सहित लगभग डेढ़ हजार लोगों ने उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी दी। यह एकता दौड़ जिला कार्यालय से प्रारंभ होकर कारली में संपन्न हुई। जिसे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर उपस्थित जनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की सिद्धांत और विचारों का अनुशरण करना हम सबका कर्तव्य है, जिस तरह उन्होंने देश की एकता और अखंडता को एकजुट करने के लिए अपना योगदान दिया है, वह सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। इस दौरान दौड़ के समापन पर एकता शपथ भी ली गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य रामू राम नेताम, जनप्रतिनिधि संतोष गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर, आरके बर्मन मौजूद रहे।

# खिचड़ी वितरण कर लगाए जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



टेकनार चौक दंतेवाड़ा में आज भगवान खाटू श्याम के पावन जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस शुभ अवसर पर श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में महाभंडारा प्रसाद वितरण का किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन एकत्र हुए और भक्ति भाव से खाटू श्याम जी का स्मरण करते हुए प्रसाद ग्रहण किया।

- खाटू श्याम बाबा के नाम से भाईचारे का संदेश देना उद्देश्य

भंडारे में विशेष रूप से खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया, जिसका आनंद सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने लिया। कार्यक्रम का आयोजन छविंद्र कर्मा, पीसीसी मेंबर, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में किया गया। छविंद्र कर्मा ने कहा कि भगवान खाटू श्याम जी की कृपा से समाज में सद्भाव, प्रेम और भाईचारे का संदेश फैलाना ही इस आयोजन का उद्देश्य है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजनों से समाज में एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति संगीत और श्याम नाम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम को सफल बनाया। जिसमे उपस्थित जिला महामंत्री विमल सलाम युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा, आकश विश्वास, गायेंद्र सिंह,अरुण सोनानी, आयुष यादव, सोम आत्राम, छविंद्र नेताम, त्रिनाथ, अभिषेक सलाम एवं अन्य मौजूद थे।

## 56 वर्ष बाद व्यापारी संघ का चुनाव चेंबर की देन : सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



लौह नगरी किरंदुल में किरंदुल व्यापारी कल्याण संघ का चुनाव कुछ दिन पूर्व हुआ है। फिर से किरंदुल में व्यापारी संघ के पुराने कमेटी चुनाव करवा रही हैं, जिससे किरंदुल के व्यापारी भ्रम की स्थिति में है और दो गुट में बटे नजर आ रहे हैं। इस पर संचालन कमेटी के सदस्य रवींद्र सोनी ने कहा है कि पिछले 56 वर्षों से किरंदुल में व्यापारी संघ संचालित थी।

- हमने नगर के हर व्यापारियों को संघ में जोड़ने का काम किया है

परंतु कभी चुनाव के माध्यम से पदाधिकारियों का चयन नहीं किया गया था। पूर्व में नगर के वरिष्ठ व्यापारियों ने बखूबी इस संघ का संचालन किया। परंतु पिछले 12 वर्षों पूर्व संघ की बागडोर युवा पीढ़ी को सौंपने के बाद संघ में निष्क्रियता आ गई थी। वर्षो पहले केवल मुख्य बाजार में ही दुकाने थी। समय के साथ नगर में जनसंख्या वृद्धि के साथ हर क्षेत्र में दुकानों का विस्तार हुआ और व्यापारियों की संख्या में लगातार वृद्धि होती गई। पर व्यापारी संघ द्वारा नए व्यापारियों को संघ में सदस्यता नहीं दी गई। न ही संघ के विस्तार की दिशा में कोई पहल की गई। व्यापारियों द्वारा लगातार संघ का चुनाव कराने का आग्रह किया जा रहा था पर पूर्व संघ द्वारा ऐसा नहीं किया गया। चंद लोगों द्वारा ही पदाधिकारियों का चयन किया जाने लगा और चंद लोगों द्वारा ही संघ का हर निर्णय लिया जाने लगा कभी संघ का लेखा जोखा तक सदस्यों को नहीं दिखाया गया, जिससे व्यापारियों में काफी नारजगी उत्पन्न होने लगी।

ऐसी परिस्थिति में नगर के कुछ वरिष्ठ व्यापरियों ने नगर के हर क्षेत्र के व्यापारियों को एक सूत्र में बांधने का काम किया और सभी के सहमति से किरंदुल के इतिहास में पहली बार व्यापारी संघ का निष्पक्ष चुनाव कराकर व्यपारियों को एक ईमानदार व सशक्त नेतृत्व प्रदान किया।

इस चुनाव को रोकने के लिए पूर्व कमेटी में अनेक प्रयास किए परंतु चुनाव में 94 प्रतिशत मतदान कर व्यापारियों ने पूर्व कमेटी को जवाब दिया जिससे अपनी शाख ओर मजबूरी में पूर्व संघ चुनाव करवा रहा है। ओम सोनी पैनल चुनाव जीत कर संघ का रजिस्ट्रेशन किरंदुल चैंबर ऑफ कॉमर्स के नाम से किया गया हैं।

अब सभी व्यापारी गर्व से कह सकते है की हम एक बहुत बड़े रजिस्टर्ड संस्था के सदस्य हैं। आपकी सहमति व सहयोग से आपके द्वारा चुने हुए पदाधिकारीगण निश्चित रूप से व्यापारी हित बेहतर कार्य कर आपके भरोसे के कसौटी में खरा उतरेंगे।

# विधायक ने किया 2 मंदिरों का लोकार्पण व सड़क निर्माण की घोषणा

हरिभूमि न्यूज : घाटलोहंगा/भोण्ड



बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चोकर के आश्रित ग्राम महुपालबारी एवं चोकर में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के आगमन पर ग्रामवासियों ने आतिशबाजी, फूल-मालाओं और जयकारों के साथ जोरदार स्वागत किया जगह-जगह स्वागत की कड़ी बढ़ती गई, ग्रामीणों में खासा उत्साह दिखाई दिया।

विधायक ने इस अवसर पर ग्राम महुपालबारी एवं चोकर में खांडा कंकालिन माता मंदिर और बामनदई भण्डारनी माता मंदिर का फीता काटकर लोकार्पण किया। मंदिरों के लोकार्पण अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और पारंपरिक नृत्य-गान के साथ समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के दौरान ग्रामवासियों ने विधायक से गांव में सीसी रोड निर्माण की मांग की और ग्रामीणों ने कहा कि जिस तरह आपने हमारे गांव में चौमुखी विकास कार्य कराए हैं, उसी प्रकार यदि 150 मीटर और सीसी सड़क निर्माण हो जाए तो पूरे गांव में स्वच्छता और सुविधा बढ़ेगी। ग्रामवासियों की मांग पर विधायक ने तत्काल 150 मीटर सीसी सड़क निर्माण की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने मंदिर से मुख्य सड़क तक जाने के लिए 70 मीटर अतिरिक्त सड़क निर्माण की भी घोषणा की। इन घोषणाओं के बाद उपस्थित जनसमूह में भारी उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी नेतृत्व में गांवों में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का चेहरा बदल रहा है

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान मौजूद रहे जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष गणेश बघेल, इंद्रावती जल बचाव अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप, जयंती नेताम, गजेंद्र बघेल, राधि बघेल, कृष्णा बघेल, रुद्रप्रताप, डमरूधर बघेल, तुलसीराम ठाकुर, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### एआई व मशीन लर्निंग पर दिया प्रशिक्षण



**गीदम।** पीएमश्री योजना के अंतर्गत एनआईईएलआईटी भुवनेश्वर के सहयोग से पीएमश्री विद्यालय कटेकल्याण में एआई एवं मशीन लर्निंग विषय पर विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 से 1 नवंबर तक संचालित हुआ। जिसमें विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में नवीनतम ज्ञान प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने नई तकनीकों और कोडिंग के मूल सिद्धांतों को सीखा। इस कार्यक्रम में महेन्द्र बाघ ने मुख्य प्रशिक्षक, तोरण साहू ने सहयोगी प्रशिक्षक और अवंतिका मिश्रा ने तकनीकी सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य टी एल साहू और शिक्षक डीआर रावटे ने प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। समापन सत्र में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और पूरे विद्यालय परिवार ने इस पहल की सराहना की।

## दिव्यांग छात्रों के अभिभावकों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा अंतर्गत 31 अक्टूबर को दिव्यांग छात्रों के अभिभावकों हेतु गृह आधारित खंड स्त्रोत कार्यालय जगदलपुर में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ में जिला मिशन मिशन समन्वयक अशोक पांडे का स्वागत दिव्यांग बच्चों ने पुष्प गुच्छ देकर किया।

जिला मिशन समन्वयक ने दिव्यांग बच्चों का भी पुष्प गुच्छ व चॉकलेट देकर सम्मान किया। विकासखंड जगदलपुर की खंड स्त्रोत समन्वयक राजेंद्र सिंह ठाकुर ने भी जिला मिशन समन्वयक का पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में अभिभावकों से अशोक पांडे ने अपने संबोधन में कहा इस हाल में लक्ष्य से अधिक अभिभावकों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि अभिभावकगणों में जागरुकता बढ रही है। अभिभावकों से कहा दिव्यांग बच्चों को किसी भी बच्चों से कम ना आंका जाए इन बच्चों में भी भावनाएं, संवेदनाएं, होती है, इन बच्चों के साथ सामान्य बच्चों के समान ही व्यवहार करना चाहिए और उनकी क्षमता के अनुसार उन्हें शैक्षणिक, सामाजिक, दैनिक क्रियाएं एवं अन्य गतिविधियों में समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए ताकि ये भी आत्मविश्वास, आत्मनिर्भर हो सके।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### विधायक सावित्री आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगी शामिल

**दुर्गूकोंदल।** भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक



सावित्री मनोज मंडावी आज 2 नवंबर का एकदिवसीय दुर्गूकोंदल प्रवास प्रस्तावित है। इस दौरान वे विभिन्न समाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगी तथा भवन लोकार्पण करेंगी। विधायक सुबह साढ़े 11 बजे यादव समाज भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में, दोपहर 01 बजे दुर्गूकोंदल में साहू समाज भवन लोकार्पण कार्यक्रम में, दोपहर ढाई बजे हाटकोंदल में आयोजित गोपाष्टमी एवं लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लेंगी। इस प्रवास के दौरान विधायक क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, समाजजनों एवं आम नागरिकों से भेंट कर जनसमस्याओं और विकास कार्यों पर चर्चा भी करेंगी।

### 30 मीटर तीरंदाजी में विक्की ने जीता स्वर्ण

**दुर्गुकोंदल।** स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने बस्तर



ओलंपिक के तहत आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। दुर्गुकोंदल के उन्मुख खेल मैदान पर आयोजित प्रतियोगिता में ग्राम बरगांव के उभरते हुए खिलाड़ी विक्की रावटे ने 30 मीटर पुरुष वर्ग तीरंदाजी स्पर्धा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। विक्की ने 10 से अधिक प्रतिभागियों को हराकर यह उपलब्धि हासिल किया।

### ढूटमईन माता का चार नवंबर को लगेगा मेला

**कांकेर।** जय ढूटमईन माता मंदिर समिति बारापाली, करप, अंजनी के सचिव रामेश्वर सार्वा ने बताया कि बारापाली ढूटमईन माता मेला 4 नवंबर दिन मंगलवार को होगा। इस देव मेला में 12 ग्राम के सभी देवी देवता का परिक्रमा होता है मनोकामना के लिए मेला के दूसरे दिन दरबार लगता है, जिसमे श्रद्धालू दूर-दूर तक मनोकामना के लिए आते हैं। मेला के दिन रात्रकालीन कार्यक्रम लोकरंग कोरर डौली रानी लोककला मंच का कार्यक्रम होगा।

### युवक ने खुदकुशी की, कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत 32 वर्षीय अजय जुर्री ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पंडरीपानी निवासी धनेश कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 31 अक्टूबर को घर के कमरा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

**राज्योत्सव : योजना के तहत 3.51 लाख से अधिक आवासों में सामूहिक गृह प्रवेश रायपुर में कराया**

# जैसाकर्रा में पीएम आवास के 6801 हितग्राहियों ने किया पक्के मकानों में सामूहिक गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं रजत जयंती समारोह के अवसर पर 1 नवंबर शनिवार का दिन प्रदेश के लाखों ग्रामीण परिवारों के लिए ऐतिहासिक बन गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रायपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत तैयार किए गए 3.51 लाख से अधिक आवासों का सामूहिक गृह प्रवेश रायपुर में कराया। इस कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों की तरह कांकेर जिला भी शामिल रहा, जहां 6801 हितग्राहियों ने अपने नए पक्के घरों में प्रवेश कर नई जिंदगी की शुरुआत किया।

**हितग्राहियों का अभिनंदन किया:** जिले के जनपद पंचायत चारामा के ग्राम जैसाकर्रा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से हितग्राहियों का अभिनंदन किया। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि जिले के सभी विकासखंडों में आवास निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की गई, जिसके परिणामस्वरूप समय सीमा में बेहतर गुणवत्ता वाले आवास हितग्राहियों को सुपुर्द किए जा सके। जिले के कुल 6801 लाभार्थियों ने अपने नए मकानों में प्रवेश किया। इनमें से कई परिवार वर्षों से कच्चे झोपड़ेनुमा घरों में रह रहे थे, जहां बरसात और गर्मी के मौसम में रहना मुश्किल हो जाता था। नई पक्की आवासीय संरचना मिलने के बाद उनकी जिंदगी में स्थायित्व और सुरक्षा का नया अध्याय शुरू हुआ है। जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार की सबसे प्रभावी योजनाओं में से एक है। आज जिन 6801 परिवारों को नया घर मिला है, उनके जीवन में स्थायित्व, सुरक्षा और सम्मान का नया अध्याय शुरू हुआ है। यह आवास केवल दीवारें नहीं, बल्कि इनके सपनों का आकार है। प्रशासन ने सुनिश्चित किया है कि निर्माण में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहे। आगे भी हम यह प्रयास जारी रखेंगे कि कोई भी पात्र परिवार आवास से वंचित न रहे।



**सौंपी गई चाबियां**

प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही सहदेव, हिरामन, दुलारी और बिरन के नवनिर्मित घरों में पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार पूजा-अर्चना कर गृह प्रवेश कराया गया एवं फीता काटकर खुशियों की चाबियाँ सौंपीं गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने हितग्राहियो को गृह प्रवेश की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से ग्रामीणों के पक्का घर का सपना साकार हो रहा हैं। सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों नें अपनी समस्याओं से भी कलेक्टर को अवगत कराया जिस पर उन्होंने नियमानुसार कार्यवाही का भरोसा दिया। आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच रविलाल नायक, उपसरपंच महेन्द्र नायक, जनपद सदस्य नीलू बेगम, तहसीलदार कृष्ण कुमार पाटले, जनपद पंचायत चारामा के सीईओ गोपाल सिंह कंवर, एसडीओ (आरईएस) खिलेश कुमार साहू, पंचगण, ग्राम पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## दुर्गूकोंदल में हुआ सामूहिक गृह प्रवेश हितग्राहियो ने पीएम का जताया आभार



**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव एवं राज्योत्सव के अवसर पर पुरे प्रदेश सहित कांकेर जिले के विकासखंड दुर्गुकोंदल में भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक योजना प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सभी पात्र परिवारों को किफायती आवास उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत सभी 44 पंचायतों में नवनिर्मित 905 प्रधानमंत्री आवास में जनपद सीईओ सुरेंद्र बंजारे के नेतृत्व में एवं जनपद सभापति विकास राजु नायक के करकमलों से गृह प्रवेश कराय। जनपद क्षेत्र लोहत्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत लोहत्तर, जाड़ेकुर्से, परभेली, दमकसा और सिवनी में शनिवार को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत एक नवम्बर को सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया वरिष्ठ ग्रामीणों के द्वारा हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। विकास राजु नायक ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का उद्देश्य ग्रामीण गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराना है। इस योजना के माध्यम से हर पात्र परिवार को सम्मानजनक आवास के साथ बिजली, जल और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को खुशियों की चाबी प्रदान कर रहे है, जिसमें हितग्राहियो द्वारा नवनिर्मित घरों को दीपों से सजाया गया, रंगोलियों से आंगन सुसज्जित और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हितग्राही अपने-अपने नए घर में प्रवेश किया गया। इस अवसर पर त्रिलोका बाई, मसत राम, मोहन्तिन, दुर्गाप्रसाद, देविका, मनबोध, जगमोतिन, सुदामा, राजकुमारी, राधिका, विष्णुप्रसाद, भगवन्तिन, देवलु राम, भगवनतिन दीवान, अमारी बाई, बारसाय, केमलाल,सुनबाई, राजकुमार, रुखमनी, संजय कुमार, सोमारु राम, पतिराम, सुखप्रसाद, समत राम, राजो बाई, नारद राम, गंगा बाई सभी सहित समस्त हितग्राहीयों को गृह प्रवेश कराने में पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों ने भूमिका निभाई।

## वैदिक गणित प्रशिक्षण से शिक्षक लाभान्वित, अब शॉर्ट कट फॉर्मूला से होगी पढ़ाई रोचक



**कांकेर।** सीबीएसई रिर्सोस पर्सन द्वारा पैराडाइज हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। प्रशिक्षण में गुणन तालिका लिखने के लिए कुछ तरकीबें, वैदिक गणित, गणित शिक्षण में विभिन्न रंगों एवं विभिन्न आकृतियों और आकारों का उपयोग प्रभावशाली शिक्षण में शिक्षण अधिगम सामग्री का उपयोग, सभी विषयों का एक ही टीएलएम का उपयोग कर शिक्षण करना एवं विभिन्न गतिविधियों द्वारा गणित विषय को सरल एवं व्यवहारिक ढंग से पढ़ाने एवं अभ्यास करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिक्षकों के लिए यह प्रशिक्षण ज्ञानवर्धक रहा। गणित शिक्षण का कुछ शॉर्ट कट ट्रिक एवं फॉर्मूले के उपयोग के बारे में बताया गया। डाईस, पेपर पीस के माध्यम से एक्टिविटी कर छात्रों में जिज्ञासा कैसे बढ़ाएं, कविता, नाटक का प्रयोग कर छात्रों को पढ़ने में शिक्षक उत्सुकता कैसे बढ़ाए के बार में बहुत सारी शिक्षण प्रविधि के बारे में बताया गया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर, छत्तीसगढ़ राज्य गीत गाकर मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा रंगोली बनाई गई एवं छत्तीसगढ़ी गीत पर नृत्य किया गया। यह प्रशिक्षण सीबीएसई रिर्सोस पर्सन डॉ. प्रतिभा धनेश शेरवानी ने दिया। पैराडाइज हायर सेकेंडरी स्कूल एवं रत्ना सागर पब्लिकेशन द्वारा आयोजित इस विशेष वैदिक गणित पर मोटिवेशनल प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा, कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार पंडा, कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ढाके, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी, कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू के मार्गदर्शन में एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, दीपांजली गोगोई, वर्षा रामानी, मेघा सेवा, एस. मर्सी, तीरथ साहू, भारती सेठिया, कृष्णापद कुंभकार, सरिता मिश्रा, संगीता भारती आदि शिक्षकों ने प्रशिक्षण का लाभ उठाया।

**5400 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की, विजेता मोमेंटो, प्रमाण पत्र एवं मेडल से पुरस्कृत**

## दुर्गूकोंदल बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता के समापन पर प्रतिभाओं ने दिखाया कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल में तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता 2025 का समापन जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन 31 अक्टूबर को विभिन्न खेल स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले खेले गए, जिसमें जूनियर व सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों की महिला-पुरुष श्रेणी में भी रोचक प्रतिस्पर्धाएं देखने को मिली। कुल 5400 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। अतिथियों द्वारा विजेताओं को सुंदर मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र एवं मेडल से पुरस्कृत किया गया। यह खिलाड़ी जिला स्तर पर आयोजित होने वाले बस्तर ओलिंपिक प्रतियोगिता में भाग लेकर विकासखंड का नेतृत्व करेंगे।

मुख्य अतिथि देवेंद्र टेकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का मानना है कि बस्तर के लोग अत्यंत प्रतिभाशाली हैं। इसी सोच के साथ उन्होंने बस्तर ओलंपिक के माध्यम से स्थानीय खिलाड़ियों को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी विशेष महत्व है, क्योंकि इससे स्वास्थ्य लाभ होता है। यह एक सुनहरा अवसर है जब बस्तर के युवा आगे आएं और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें।दुर्गूकोंदल में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शकुंतला नरेटी ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस आयोजन ने विकासखंड की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पटल पर लाने का मार्ग प्रशस्त किया। सीईओ सुरेंद्र बंजारे बस्तर ओलंपिक शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जिसमें प्रमुख खेलो के



साथ पारंपरिक खेलो को बढ़ावा दिया जा रहा है। युवाओं में स्वस्थ अनुशासन एवं टीम भावना को बढ़ावा देना है। बस्तर में लोकप्रिय माने जाने वाले खेलो में ग्रामीण प्रतिभा को आगे बढ़ाना है। विजेता प्रतिभागी अथवा टीम एथलेटिक्स 100 मीटर दौड़ सीनियर पुरुष वर्ग प्रथम युगल किशोर पटेल, द्वितीय गजेंद्र यादव, महिला वर्ग में प्रथम त्रिशया दुग्गा, द्वितीय कृतिका नरेटी, 200 मीटर दौड़ सीनियर पुरुष वर्ग में प्रथम गजेंद्र यादव, द्वितीय समीर कुमार, महिला वर्ग में त्रिशया दुग्गा, द्वितीय पुष्प मंडावी, 400 मीटर दौड़ सीनियर पुरुष वर्ग में प्रथम भूपेंद्र कुमार, द्वितीय राजेंद्र सलाम, महिला वर्ग में प्रथम सावित्री आंचला, द्वितीय तिलोसना, 4x100 मीटर रिलेरेस दौड़ सीनियर पुरुष वर्ग में प्रथम युगल किशोर, गजेंद्र कुमार, शंकर पद्दा, तरुण सलाम की टीम, महिला वर्ग में प्रथम त्रिशया दुग्गा, कृतिका नरेटी, आरती नरेटी, दीपिका कावडे की टीम। गोला फेक सीनियर पुरुष वर्ग में प्रथम दीपेश कुमार, द्वितीय हरुन कुमार, महिला वर्ग में प्रथम कृतिका द्वितीय भारती, भाला फेंक सीनियर पुरुष वर्ग में प्रथम नवीन कुमार, द्वितीय मोहन जाड़े, महिला वर्ग में प्रथम सुनीता ध्रुव, द्वितीय बंगोमा रानी चक्रवर्ती, चक्र फेक सीनियर पुरुष वर्ग में प्रथम वर्ग मोहन जाड़े, द्वितीय मनीज नरेटी, महिला वर्ग में प्रथम सरिता यादव, द्वितीय सरोज, ऊंचीकूद सीनियर पुरुष वर्ग में प्रथम रामचंद्र पटेल, द्वितीय टिकेश्वर महिला वर्ग में मनेश्वरी द्वितीय तिलोसना, लंबीकूद सीनियर पुरुष वर्ग में प्रथम रामचंद्र पटेल, द्वितीय आकाश, महिला वर्ग में प्रथम थामेश्वरी, द्वितीय तिलोसना रही। सामूहिक खेलो में वॉलीबाल सीनियर पुरुष वर्ग में प्रथम ग्राम डांगरा, द्वितीय ग्राम मेडो, महिला वर्ग में प्रथम ग्राम दमकसा, द्वितीय साधुमिचगांव, कबड्डी सीनियर पुरुष वर्ग में प्रथम ग्राम बरहेली, द्वितीय ग्राम लोहत्तर, महिला वर्ग में प्रथम ग्राम कोंडे, द्वितीय नेलचांग, खो खो सीनियर पुरुष प्रथम वर्ग ग्राम हाटकोंदल, द्वितीय ग्राम ख़ुटगांव, महिला वर्ग प्रथम ग्राम दमकसा, द्वितीय साधुमिचगांव की टीम रही। गोलफेक जूनियर पुरुष में प्रथम दीपक जैन, द्वितीय भोलेश कुमार, बालिका वर्ग में प्रथम प्रतिमा द्वितीय रीना, भलाफेक जूनियर वर्ग पुरुष प्रथम मंगल सिंग, द्वितीय हिमांशु, महिला वर्ग में प्रथम डोमेश्वरी द्वितीय निधिका, तवाफेक जूनियर वर्ग पुरुष में प्रथम गुलशल उयके, द्वितीय दीपक जैन, महिला में प्रथम मुस्कान बढ़ाई, द्वितीय एनिका दुग्गा, जूनियर बालक फुटबॉल में सेजेस दुर्गुकोंदल की टीम विजयी रही। कबड्डी जूनियर बालक वर्ग में प्रथम दमकसा, द्वितीय ओटेकसा, बालिका वर्ग प्रथम हॉयर सेकेंडरी दमकसा, द्वितीय हॉयर सेकेंडरी स्कूल कोण्डे, जूनियर पुरुष वर्ग में प्रथम हायर सेकंडरी स्कूल कोड़ेखुर्से, द्वितीय हायर सेकेंडरी स्कूल मेड़ो, बालिका वर्ग में प्रथम हायर सेकंडरी दमकसा की टीम द्वितीय हाईस्कूल सिहारी। इसी प्रकार सीनियर महिला वर्ग रस्साकसी में प्रथम ग्राम खुटगांव, द्वितीय ग्राम दुर्गुकोंदल की टीम रही।

## बस्तर ओलंपिक के विजेता हुए पुरस्कृत



**भानुप्रतापपुर।** हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलंपिक का 1 नवंबर को भव्य समापन समारोह हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने खिलाड़ियों के उत्साह और खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं, जिससे खेलों के माध्यम से सामाजिक समरसता और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनाराम तेता, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना, पार्षद सुमित्रा साहू, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, जनपद सदस्य वरुण खापाडे, विष्णु कचलाम, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सचिन ढुबे, त्रिलोक सिंह चोपड़ा की विशेष उपस्थिति रही।

**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## मंडाभर्री के तुलसी विवाह समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

विकासखँड नरहरपुर के ग्राम मंडाभर्री में देव उठनी एकादशी के पावन अवसर पर परंपरागत उत्साह और श्रद्धा के साथ तुलसी विवाह का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भक्ति भाव से भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का विवाह सम्पन्न कराया। मंडाभर्री में धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार शालिग्राम भगवान की बारात बड़े उत्साह और भक्ति के वातावरण में निकाली गई। ढोल-नगाड़ों, शंखनाद और जयघोषों के बीच जब बारात तुलसी माता के दरबार पहुँची, तो पूरा ग्राम भक्ति रस में डूब गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने बारात का स्वागत किया और मंगल गीतों की स्वर लहरियों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच लग्न पूजा की गई और परंपरागत रूप से तुलसी माता व भगवान शालिग्राम का विवाह संपन्न हुआ। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि इस अवसर के लिए विशेष रूप से विवाह का निमंत्रण पत्र (कार्ड) छपवाकर पूरे ग्राम में वितरित किया गया, जिससे सभी ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रामवासियों ने बताया कि हर वर्ष देव उठनी एकादशी के दिन यह आयोजन निरंतर किया जाता है। इससे ग्राम में धार्मिक और सामाजिक एकता बनी रहती है तथा लोगों में भक्ति और सेवा भावना का संचार होता है।



**भक्ति, सत्संग और भंडारा का आयोजन**

तुलसी विवाह के उपरांत श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और सत्संग के माध्यम से भगवान का स्मरण किया। देर शाम तक वातावरण में भक्ति और उल्लास का समावेश रहा। आयोजन के अंत में महाप्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## नानक देव प्रकाशोत्सव पर सिख समाज का नगर कीर्तन पांच को

**भानुप्रतापपुर।** धन धन श्री गुरु नानक देव महाराज के 556 वें पावन प्रकाश पर्व की तैयारियों के बीच पूरे भानुप्रतापपुर नगर में श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समाज द्वारा बुधवार को भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। नगर कीर्तन की शुरुआत स्थानीय गुरुद्वारा साहिब से हुई। पंज प्यारे की अगुवाई में गुरु ग्रंथ साहिब जी को सुसज्जित पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। पूरे मार्ग में वाहे गुरु के जयघोष और कीर्तन दलों के मधुर भजनों से वातावरण गुंजायमान



रहा। भिलाई से पहुँची सरदार गतका टीम के कलाकारों ने तलवारबाजी, लाठी संचालन, चक्कर फेराई और सिर पर नारियल तोड़ने जैसे करतब दिखाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिख वीरता और अनुशासन का यह प्रदर्शन नगर कीर्तन की शोभा बढ़ाने वाला रहा। रास्तेभर नगरवासियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया। सिंधी समाज ने सेवा भावना के तहत संगत को प्रसाद वितरण किया, जिससे पूरे नगर में भक्ति और आपसी सद्भाव का संदेश फैला। समाज की महिलाओं ने अपने हाथों से नगर कीर्तन मार्ग की सफाई कर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान नगर के सभी वर्गों द्वारा सिख धर्मगुरुओं का स्वागत किया गया। पूरे शहर में सौहार्द्र और एकता का भाव देखने को मिला।

